Divine College of Pharmacy
Recognized by Department of Health Medical & Family Welfare, Patna
Approved by Bihar University of Health Sciences, Patna, Bihar
Affiliated to Pharmacy Council of India New Delhi

Celebration of National Pharmacy Education Day, 2024

दैनिक भास्कर सीवान / गोपालगंज भास्कर 07-03-2024

जयंती पर याद किए गए फार्मेसी के जनक प्रोफेसर महादेवा लाल श्रॉफ

भास्कर न्यूज़ | जीरादेई

डिवाइन फार्मेसी कॉलेज, सिवान में फार्मेसी शिक्षा की भारत में स्थापना करने वाले प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की जयंती बुधवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिवाइन फार्मेसी छात्रों द्वारा गणेश वंदना से हुआ तत्पश्चात स्थानीय विधायक अमरजीत कुशवाहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, डॉ शैलेंद्र कुमार,प्राचार्य जी पी आई, पटना एवं अर्जेश राज, रिसर्च साईंटिस्ट एम्स पटना ने दीप प्रज्वलन सहित उनके तैल्य-चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान डिवाइन फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस गोस्वामी ने फार्मेसी के क्षेत्र में उनके योगदान पर चर्चा की तथा विद्यालय के उपलब्धियां पर भी चर्चा की गईछात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही फार्मेसी विषय पर नाट्य प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीता वहीं आसिफ अली, खुर्शेद अली समेत अन्य छात्रों ने डिवाइन फार्मेसी के लैब में निर्मित दंत-मंजन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन रेहान आलम ने की।

भारत में फार्मेसी के सूत्रधार की डिवाइन कॉलेज में मनी जयंती

जयंती पर उपस्थित छात्र, शिक्षक व मुख्य अतिथि.

सीवान. फार्मेसी शिक्षा की भारत में स्थापना करने वाले प्रो महादेव लाल श्रॉफ की जयंती पर बुधवार को राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस डिवाइन फार्मेसी कॉलेज जामापुर में मनाया गया. यह दिन फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआइ) द्वारा नामित किया गया है. कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना पश्चात मुख्य अतिथि विधायक अमरजीत कुशवाहा, जीपीआइ पटना के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार एवं रिसर्च साइंटिस्ट एम्स पटना के अर्जेश राज ने दीप जला कर किया. डिवाइन ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद प्रसाद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. डिवाइन कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस गोस्वामी ने अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ उद्योग और शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए दोनों जगत के बीच अंतर को पाटने के लिए प्रेरित किया. साथ ही गत वर्ष डिवाइन फार्मेसी द्वारा प्राप्त उपलब्धियों की भी चर्चा की. वहीं, मुख्य अतिथि ने प्रो एमएल श्रॉफ की जीवनी पर प्रकाश डाला. एम्स के अर्जेश राज ने उद्योग और शिक्षा के समागम को बढ़ाने के लिए कई फंड्स तथा सरकारी योजनाओं के बारे में बताया. वहीं छात्रा स्वाति, तनुश्री, आरुषि, शालू, नवीनता ने नृत्य से सबको मोहित किया. कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रो रेहान आलम और मन्नान अंसारी ने किया. मौके पर सदफ सलमा, सौम्या पाठक, गुंजन रानी, सप्त ऋषि मुखर्जी, नजिया परवीन सहित सभी फैकल्टी व स्टाफ उपस्थित रहे.